जननायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में एम्बुलेंस का लोकार्पण

देशप्राण संवाददाता

एम्बुलेंस का लोकार्पण करते लोग।

चौपारण, 6 अक्तूबर : लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल बहेरा में एम्बुलेंस का लोकार्पण अजय सिरके, कंपनी सामाजिक दायित्व प्रमुख क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे, महाराष्ट्र एवं एसडीओ पूनम कुजुर के हाथों किया गया। कर्यक्रम में मुख्य नाव भारत जागृति केंद्र के सतीश गिरिजा, डॉ आलोक कुमार, गंधर्व गौरव, बीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार पूरी विकान्त सिंह एवं लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि के अभिनंदन से किया गया फिर क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा वित्त प्रदत्त एम्बुलेंस को अस्पताल को समर्पित किया गया जो हॉस्पिटल में आये मरीजों की सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखा कर मरीजों को रवाना किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर बरही, प्रखंड विकाश पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, नजीर अख्तर पुलिस उपाधीक्षक,बरही,चौपारण थाना प्रभारी स्वप्न कुमार महतो सीएचसी प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप उपस्थिति थे। क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस इस क्षेत्र के लिए वरदा, एम्बुलेंस मिलने से अस्पताल को और बल मिलेगा जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी। संस्था के सचिव सतीश गिरिजा ने क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये एक महत्वपूर्ण सहयोग मिला है जिसका उपयोग लोक कल्याणकारी के लिए किया जाएगा।